लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 127

18 जुलाई, 2016 को उत्तर के लिए

इस्पात पीएसयू का विनिवेश

127. श्री सदाशिव लोखंडे:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत अब तक निजीकरण किए गए/विनिवेश किए गए सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के क्या नाम हैं;

(ख) सरकार को विनिवेश से प्राप्त लाभ का पीएसयू-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस्पात पीएसयू के निजीकरण/विनिवेश में अनियमितताओं की सूचना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह)**

(क): भारत सरकार ने इस्पात मंत्रालय के नियत्रंणाधीन तीन सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों नामश: स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), एनएमडीसी लिमिटेड और मॉयल लिमिटेड में विनिवेश किया है।

(ख): सरकार द्वारा विनिवेश के माध्यम से प्राप्त की गई धनराशि का पी एस यू वार ब्यौरा निम्नवत है:-

पीएसयू का नाम	**प्राप्त की गई धनराशि (करोड़ रूपये में)**
सेल	4233.67
एनएमडीसी	15921.57
मॉयल	618.76

(ग): जी नहीं ।

(घ): प्रश्न नहीं उठता ।

***